दैनिक जागरण
21-03-2026

पर्यावरण व जल संरक्षण के तहत विद्यार्थियों ने किया जागरूक



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान जीएमएन कालेज के विद्यार्थी। • सौजन्य विज्ञप्ति

अंबाला(विज्ञप्ति) : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज, अंबाला छावनी में संचालित एनवायरनमेंट वारियर्स अभियान के तहत जल संरक्षण विषय पर विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए जल के महत्व और संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का सराहनीय प्रयास किया। विद्यार्थियों ने कालेज परिसर में जल के लीकेज वाले स्थानों की पहचान की तथा उन्हें ठीक करने हेतु एक व्यवस्थित योजना बनाने की दिशा में पहल की। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए आकर्षक पोस्टर तैयार किए और स्लोगन ड्राइव का आयोजन किया। पानी बचाओ, जीवन बचाओ जैसे प्रभावशाली संदेशों के माध्यम से उन्होंने सभी को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसी तरह कालेज के पंजाबी विभाग द्वारा कविता-पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने बड़े उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने संस्कृति, प्रकृति, देशभक्ति, सामाजिक मूल्यों एवं मानवता जैसे विविध विषयों पर अपनी-अपनी कविताओं का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। प्रतियोगिता में अमनप्रीत कौर ने प्रथम, गुरप्रीत सिंह ने द्वितीय और मनप्रीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दूसरी ओर कालेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत आनलाइन क्षमता निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षाविदों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक एवं सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की।